# यूजीसी के समर्थन में संयुक्त मोर्चा का सड़क पर धरना

## कुत्ते के गले में ज्ञापन डाल कर कलेक्टोरेट में छोड़ा, एडीएम-एसडीएम ज्ञापन लेने खड़े थे, यात्रियों की छूटी ट्रेन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 फरवरी, ओबीसी एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा द्वारा यूजीसी कानून 2026 के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट के सामने धरना दिया. बिल को लागू करने की मांग को लेकर ओबीसी और एसटी एससी वर्ग ना सिर्फ सड़क पर उतर आया है, बल्कि सड़क पर धरना देकर पूरे शहर को जाम कर दिया है.**






पूरे शहर में जाम के चलते लोग परेशान रहे, यहा तक की गई एम्बुलेंस भी मरीज को लेकर जाम में फसी रही. कलेक्ट्रेट के सामने तीन घंटे तक सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शनकारी बैठे रहे. दरअसल ज्ञापन देने के लिये कलेक्टर को बुलाने पर अड़े थे, जबकि अपर कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी ज्ञापन लेने को तैयार थे. लेकिन प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कलेक्टर ज्ञापन लेने गेट पर आए. काफी देर तक प्रदर्शनकारी अड़े रहे और नारेबाजी करते रहे. इसके बाद शर्मसार करने वाला प्रदर्शन देखने को मिला. जिला प्रशासन को कुत्ते की संज्ञा देते हुए गले पर ज्ञापन डाल कर कलेक्ट्रेट के अंदर छोड़ दिया. विवेकानन्द पार्क से रैली लेकर प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे थे. पहले कालेज चौराहे में जाम लगा उसके बाद कलेक्ट्रेट के सामने सड़क पर जाम लगाकर बैठ गये. तीन घंटे तक लोग परेशान रहे, किसी की ट्रेन छूट गई तो कोई समय पर अस्पताल नही पहुंच पाया. पुलिस की समझाइश के बाद भी सड़क से नही हटे.

**मूकदर्शक बनी रही पुलिस -** प्रदर्शनकारियों ने तीन घंटे तक कलेक्ट्रेट के सामने मुख्य मार्ग को जाम करके रखा और पुलिस मूकदर्शक बनी तमाशा देखती रही. एम्बुलेंस से लेकर यात्री बस, कार सभी जाम में फंसी थी. मरीज एम्बुलेंस में तड़प रहे थे तो कार में बैठा परिवार भी परेशान नजर आया. समझाइश के बाद भी प्रदर्शनकारी सड़क से हटने को तैयार नही थे. मार्तण्ड स्कूल तिगड्डा और जयस्तंभ के पास वाहनो को रोक दिया गया. जिसके कारण व्यंकट मार्ग और शहर के अंदर जाम लग गया. प्रदर्शनकारियों को हटाने की हिम्मत पुलिस नही जुटा पाई. हर कोई जाम से परेशान रहा.



# अधिवक्ता की हत्या के विरोध में अधिवक्ता न्यायालयीन कार्य से रहे अलग

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 फरवरी, प्रदेश के शिवपुरी में हुई अधिवक्ता के हत्या का विरोध रीवा अधिवक्ता संघ ने किया. अधिवक्ताओं ने न्यायालयीन कार्य से खुद को विरत रखा और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने की मांग की. न्यायालय जाते समय अधिवक्ता संजय सक्सेना की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी. जिसको लेकर प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में आक्रोश है.**

उक्त घटना के विरोध में सोमवार को प्रदेश सहित रीवा जिले के समस्त अधिवक्ताओं ने घटना के विरोध में न्यायालयीन कार्यों से दूर रहे. रीवा जिले के अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेंद्र पांडे ने कहा कि लगातार प्रदेश में अधिवक्ताओं पर कातिलाना हमला हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि हाल ही में शिवपुरी में न्यायालय जाते वक्त अधिवक्ता संजय सक्सेना की हत्या कर दी गई, जिससे पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है. अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रदेश भर के अधिवक्ता एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन जो भी सरकार आती है वह केवल कैबिनेट में ही प्रस्ताव पारित करती हैं, लेकिन सदन में कानून नहीं बनाया जाता. इसलिए आज प्रदेश भर के अधिवक्ता विरोध कर रहे हैं. शिवपुरी की घटना को लेकर अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश है और अपनी सुरक्षा को लेकर अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रहे है. हालाकि कई वर्षों से यह मांग चली आ रही है लेकिन आज तक पूरी नही हुई.

# हायर सेकण्डरी की परीक्षा में शामिल हुए 2675 परीक्षार्थी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 फरवरी, माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं निर्धारित 94 परीक्षा केन्द्रों में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित की जा रही हैं.**

कड़ी सुरक्षा के बीच रीवा एवं मऊगंज में परीक्षा चल रही है. नकल पर नकेल कसने के लिये सख्त कदम इस बार उठाए गये है. उड़नदस्ता दल लगातार परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कर रहा है. निरीक्षण के दौरान सोमवार को सभी केन्द्रो में परीक्षा शांतिपूर्ण पाई गई. केन्द्राध्यक्षो को सख्त निर्देश दिये गये है कि परीक्षा में किसी तरह की लापरवाही न बरते, नही तो कार्यवाही दंडात्मक की जाएगी. दोनो जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण चल रही है.

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा ने बताया कि 16 फरवरी को हायर सेकण्डरी में संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित की गई. इस परीक्षा में 2675 विद्यार्थी शामिल हुए. परीक्षा से 65 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. जिला शिक्षा अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा राजेश मिश्रा ने परीक्षा केन्द्र शासकीय उमावि मझिगवां, शासकीय उमावि मार्तण्ड क्रमांक दो एवं सरस्वती उमावि निराला नगर का निरीक्षण किया. सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक संचालित हुई. परीक्षा केन्द्रो के बाहर पुलिस बल तैनात होने के कारण बाहरी लोग नही भटक पा रहे है.

## संक्षिप्त



### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिले विधायक सिद्धार्थ

**रीवा,** विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने सोमवार को भोपाल में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात की. सोमवार से ही विधानसभा का सत्र चल रहा है,जहां पहले दिन विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से काफी देर तक अकेले में चर्चा की. सिद्धार्थ ने कहा है कि उनकी पार्टी अध्यक्ष से महत्वपूर्ण बातें हुई हैं. भाजपा में अनुशासन को लेकर प्रदेशाध्यक्ष सख्त माने जाते हैं. विंध्य में राजनीतिक तनातनी के बीच युवा विधायक की हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है.

### वनाधिकार समिति की बैठक आज

**रीवा,** वन मित्र पोर्टल पर उपखण्ड स्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा निराकृत किए गए प्रकरणों की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक 17 फरवरी को दोपहर 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित की गई है. जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने संबंधितों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है.

### समीक्षा बैठक कल

**रीवा,** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के महाविद्यालयीन विद्यार्थियों की लंबित छात्रवृत्ति और आवास सहायता के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा बैठक 18 फरवरी को शाम 4 बजे से आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता करेंगी. जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने छात्रवृत्ति और आवास सहायता के प्रकरणों के लंबित रहने के कारण सहित डीन, महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा नोडल अधिकारियों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है.

### रोजगार मेला कल मऊगंज में

**मऊगंज,** युवा संगम कार्यक्रम के तहत कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में गुरू वशिष्ठ आईटीआई मऊगंज में 18 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 12 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 10000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा. युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा.



### शिविर में नगर निगम ने जमा कराई बकाया राशि

**रीवा,** नगर निगम द्वारा वसूली को लेकर शिविर लगाया जा रहा है. शिविर का समय प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है. इस क्रम में वार्ड क्र. 9 एवं 10 के लिए निराला नगर गेट के पास, जनता कालेज गेट के पास में शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में सम्पत्तिकर बकाया राशि 212765 रू. एवं जलकर बकाया राशि 212483 रू. जमा कराया गया. इस क्रम में 17 फरवरी को वार्ड क्र. 12, 16 एवं 17 के लिए नगर निगम कार्यालय जोन क्र. 03 में शिविर का आयोजन किया जावेगा. गौरतलब है कि शिविर का वार्डवार निरंतर आयोजन किया जाना है. नगर निगम द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में आवासीय घरों पर सम्पत्तिकर में 50 प्रतिशत का छूट दिया जा रहा है. इन शिविरों के माध्यम से आमजनता के नगर निगम के बकाया करों का भुगतान सरलता से कर सकती है. नगर निगम द्वारा अपील किया गया है नगरवासी शिविर में पधारकर शिविर का लाभ अवश्य उठाएं एवं नगर निगम के करों का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बनें.



# बाल्यावस्था कैंसर दिवस पर कैंसर की पहचान और बचाव का बताया गया उपाय

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 फरवरी, श्यामशाह मेडिकल कॉलेज, रीवा में अंतर्राष्ट्रीय बाल्यावस्था कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस अवसर पर उपस्थित मरीजों एवं उनके परिजनों को जन-जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत कैंसर की पहचान, रोकथाम एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी गई. चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि यदि कैंसर की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाए, तो यह पूर्ण रूप से उपचार योग्य है. श्यामशाह मेडिकल कॉलेज रीवा में बच्चों के कैंसर का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध है. कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि कैंसर के विरुद्ध प्रथम उपचार जागरूकता ही है.

इस अवसर पर कैंकिड्स इंडिया संस्थान, नई दिल्ली द्वारा बाल कैंसर पीड़ित बच्चों को सहयोग प्रदान किया गया. कैंसर से पूर्ण रूप से स्वस्थ हो चुके बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया. कैंसर से जंग जीतने वाले बच्चों एवं उनके परिजन मौजूद रहे.

कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. नरेश बजाज एवं डॉ. करन जोशी, डॉ. दीपक द्विवेदी, डॉ.रवि प्रकाश सिंह, डॉ. मीना पटेल डॉ. गौरव त्रिपाठी सहायक प्राध्यापक द्वारा जानकारी दी गई.




बैठक में बैंकों के प्रकरण की समीक्षा करते कमिश्नर बीएस जामोद

# संकल्प से समाधान अभियान में अब तक 37167 आवेदन पत्र दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 फरवरी, आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है.**

अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं. इस संबंध में कलेक्टर ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 37167 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं. इनमें से 24723 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया है. विभिन्न कारणों से 1605 आवेदन पत्र अस्वीकृत किए गए हैं. ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे शिविरों में विकासखण्ड जवा में 5017, विकासखण्ड रीवा में 9447, विकासखण्ड सिरमौर में 8636, विकासखण्ड गंगेव में 7074, विकासखण्ड त्योंथर में 2971 तथा विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में 1745 आवदेन पत्र दर्ज हुए हैं.

# प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत न करने पर कमिश्नर ने जताई नाराजगी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 फरवरी, कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में स्वरोजगार प्रकरणों के निराकरण की जिलेवारी समीक्षा की.**

कमिश्नर ने कहा कि शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के माध्यम से गरीबों को आर्थिक उन्नति के अवसर दिए जा रहे हैं. सभी बैंकर्स गरीबों के कल्याण की योजनाओं के प्रकरणों का संवेदनशीलता से निराकरण करें. शासन की योजनाओं और बैंकों से मिलने वाली छोटी सी मदद गरीब के आर्थिक विकास का बड़ा अवसर बन जाती है. गरीबों के आर्थिक विकास के पुण्य का लाभ उठाने में बैंकर्स पीछे न रहें. शासन के विभिन्न विभागों द्वारा बैंकों में दर्ज प्रकरणों को 28 फरवरी तक स्वीकृत और वितरित कराकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें. इसमें किसी भी तरह की कमी रहने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए तैयार रहें. गरीबों के हितों पर कुठाराघात करने वालों के हित भी सुरक्षित नहीं रहेंगे. बैठक में कमिश्नर ने मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, उद्यम क्रांति योजना तथा पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की. जनजातीय कार्य विभाग द्वारा टंट्या मामा भील स्वरोजगार योजना, बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना तथा अन्य योजनाओं में सीधी, सिंगरौली, रीवा और मऊगंज जिलों में प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत न करने पर कमिश्नर ने नाराजगी जताई. कमिश्नर ने कहा कि सभी योजनाओं सात दिन की समय सीमा में निर्धारित लक्ष्य से 25 प्रतिशत अधिक प्रकरण बैंकों में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं. बैंकों में समन्वय बनाकर इन प्रकरणों को 28 फरवरी तक स्वीकृत और वितरित कराएं. बैठक में अधिकारी मौजूद रहे.

# सीएम हेल्पलाइन के सबसे ज्यादा मामले शिक्षा और ऊर्जा विभाग में लंबित

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 फरवरी, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की.**



कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं. विकासखण्ड स्तर और ग्राम स्तर के अधिकारियों को हर सप्ताह आवेदनों के निराकरण का लक्ष्य दें. राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, ऊर्जा विभाग, पीएचई, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग आवेदन पत्रों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें. सीएम हेल्पलाइन में कोई भी विभाग डी श्रेणी में रहा तो कार्रवाई की जाएगी. कलेक्टर ने कहा कि जनगणना के लिए तेजी से तैयारी की जा रही है. यह जनगणना पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी. डेटा संकलन करने के लिए मोबाइल ऐप और पोर्टल का उपयोग किया जाएगा. जनगणना में तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी ठीक से प्रशिक्षण लेकर पूरी जिम्मेदारी के साथ जनगणना का कार्य करें. कलेक्टर ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान के दौरान हर पात्र हितग्राही से आवेदन पत्र का निराकरण करें. बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर मौजूद रही.

# श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन के लिए अभियान 15 मार्च तक

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 फरवरी, जिले में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पात्र मजदूरों का पंजीयन कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है.**

इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 15 फरवरी से 15 मार्च तक अभियान चलाया जा रहा है. पात्र श्रमिकों के पंजीयन के लिए संकल्प से समाधान अभियान के शिविरों के साथ शिविर लगाए जा रहे हैं. पात्र श्रमिक श्रम योगी मानधन योजना में अपनी पात्रता के अनुसार 55 रुपए से लेकर 200 रुपए तक की छोटी बचत योजनाओं में निवेश कर सकते हैं. मजदूरों द्वारा जमा की गई राशि के बराबर अंशदान राशि केन्द्र सरकार द्वारा दी जाएगी.

मजदूर की आयु 60 साल पूरी होने पर उसे तीन हजार रुपए प्रतिमाह की पेंशन दी जाएगी, जिससे वृद्धावस्था में उसे आर्थिक सुरक्षा मिलती रहे. मजदूर की मौत होने पर उसके पति अथवा पत्नी को भी पारिवारिक पेंशन का लाभ इस योजना में दिया जा रहा है.

# दिन के अधिकतम तापमान में उछाल के साथ कड़ी हुई धूप

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 फरवरी, फरवरी से मौसम तेजी से बदलने लगा है. दिन में ठंड का असर अब नही रह गया, जबकि रात में अभी ठंड का असर है.**

दिन के तापमान में तेजी से उछाल आया है. अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री पहुंच गया है. वही रात का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया है. धीरे-धीरे ठंड कम होती जा रही है और दिन में तेज धूप के साथ ठंड में कमी आई है. बादलो के हटते ही तेज धूप के साथ गर्मी का अहसास होने लगा है. सुबह से ही धूप तेज हो जाती है और दोपहर चुभने वाली धूप रहती है. मौसम विभाग की माने तो अभी तापमान एक सप्ताह के अंदर 30 से 31 डिग्री पहुंच जाएगा. अगर बर्फबारी होती है तो ठंड बढ़ेगी.

# वित्तीय वर्ष समाप्त होने के पहले जागा खनिज अमला

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 16 फरवरी, खनिज विभाग साल भर सोता रहा और अब वित्तीय वर्ष समाप्त होने को आया तो राजस्व लक्ष्य पूरा करने की सुध आई.**

लिहाजा जांच की कार्यवाही की जा रही है और स्टोन क्रेसर के साथ गिट्टी का अवैध भंडारण करने वालों पर प्रकरण दर्ज किये जा रहे है. जांच के दौरान अवैध रूप से खनिज का भंडारण करते पाए जाने पर पांच क्रेसर के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है. जिसमें त्रिमूर्ति स्टोन क्रेसर, राधे स्टोन क्रेसर, सत्यम स्टोन क्रेसर, पीएनबी स्टोन क्रेसर व अन्य शामिल है. इसके साथ ही एक वाहन को अवैध गिट्टी का परिवहन करते हुए पकड़ा गया है. सवाल यह है कि साल भर से अवैध उत्खनन एवं गिट्टी का परिवहन बिना टीपी के चल रहा है. लेकिन खनिज विभाग की टीम कभी सड़क पर उतर कर कार्यवाही नही करती और अब राजस्व लक्ष्य कम होने पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है. अभी तक न तो खनिज का अवैध भंडारण मिल रहा था और न ही स्टोन क्रेसर में कोई टीम जाती थी. जैसे ही वित्तीय वर्ष समाप्त होने को आया तो संयुक्त टीम जाग उठी, साथ ही कार्यवाही की जा रही है. पर्यावरण नियमों की अनदेखी कर चलने वाले स्टोन क्रेसर पर कोई कार्यवाही साल भर नही हुई और अब नियमों का उल्लंघन करने वाले स्टोन क्रेसरो पर दबाव बनाने के लिये कारण बताओ नोटिस जारी की जा रही है. क्लोजर की कार्यवाही कब होगी कुछ कहा नही जा सकता है.